**19/12/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि संसद के शीतकालीन सत्र में पारित बिल करोड़ों लोगों की ज़िंदगी बेहतर बनाने और भारत को एक विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के समापन के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए, श्री रिजिजू ने संसद के शीतकालीन सत्र को देश के लिए बहुत उत्पादक बताया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार था जब चुनावी सुधारों पर अलग से चर्चा हुई। श्री रिजिजू ने कहा कि कई लोगों ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे, लेकिन संसद के दोनों सदनों में चुनावी सुधारों पर बहस के बाद सब कुछ साफ हो गया। इससे पहले, संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में एक बैठक में 11.5 किलोमिटर लंबी ईटानगर-बंदरदेवा पैकेज-B NH-415 सड़क के निर्माण की प्रगति की समिक्षा की। निर्माण कार्य में देरी और खराब कार्यान्वयन की वजह से लोगों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खासकर मॉनसून के दौरान।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए, सर्दी के इस मौसम तक सड़क को सुरक्षित, पूरी तरह से ट्रैफिक के लायक और बिना किसी रुकावट के गाड़ियों की आवाजाही के लिए निर्माण कार्य को सम्पन्न करने के निर्देश दिए गए हैं।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज दिबांग वैली जिले के रोइंग स्थित विश्व की प्राचीन परंपराओं, संस्कृतियों और विरासत के अनुसंधान संस्थान - RIWATCH में "संस्कृतियों और परंपराओं की व्याख्या: नज़रिए में बदलाव" विषय पर तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान, "Traditional Festivals of Arunachal Pradesh: An Ethnographic Perspective" नामक एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने RIWATCH गेस्ट हाउस, विश्रांता का भी उद्घाटन किया।

0000000000000000000000000

तवांग ज़िला प्रशासन ने आज तवांग में सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2025 के 5वें संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो ने कहा कि पूरे हफ़्ते अलग-अलग

गांवों में प्रशासन गांव की ओर शिविर लगाए जाएंगे ताकि ज़रूरी सरकारी सेवाएं सीधे लोगों तक पहुंचाई जा सकें। इसके तहत खिरमू गांव में एक जनसुनवाई सत्र का आयोजन किया गया, जहां के गांव बूढ़ा लोबसांग फुंसो ने गांव के कम्युनिटी हॉल तक जाने वाली सड़क, शिक्षकों की कमी और पीने के पानी की आपूर्ति में रुकावट जैसे मुद्दे उठाए। इस संबंध में, उपायुक्त ने संबंधित विभागों के प्रमुखों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अगला प्रशासन गांव की ओर शिविर किडफेल सर्कल में लगाया जाएगा।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला प्रशासन ने आज पंचायती राज और पासीघाट नगर परिषद चुनावों की मतगणना सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक ड्राई रन का आयोजन किया। यह रिहर्सल पासीघाट के IGJ स्कूल ऑडिटोरियम में हुई, जिसने काउंटिंग सुपरवाइजर्स और सहायकों के लिए रियल-टाइम ट्रेनिंग का काम किया। अधिकारियों को बैलेट और EVM बॉक्स खोलने, सील वेरिफाई करने और मतों की गिनती करने के बारे में जानाकारी दी। इस ड्रिल का मकसद अहम दिन से पहले कर्मचारियों के बीच स्पष्टता और तालमेल सुनिश्चित करना था। गिनती कल सुबह 8 बजे IGJ स्कूल ऑडिटोरियम में शुरू होगी।

जिला प्रशासन ने पुष्टि की है कि नतीजों की पारदर्शी और व्यवस्थित घोषणा की गारंटी के लिए यह प्रक्रिया कड़ी, मल्टी-लेयर सुरक्षा के तहत की जाएगी।

0000000000000000000000000

जाने-माने आदी लोक गायक एवं पुरोहित ओमाक कोमुत का कल नाहरलागुन स्थित TRIHMS में लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ। दिवंगत को अपने फोक-फ्यूजन ओमाक कोमुत कलेक्टिव के साथ अरुणाचल प्रदेश के फोक-रॉक संगीत के पायनियर के रूप ख्याति प्राप्त हैं, जिनका जन्म सियांग जिले के रुमगोङ गांव में हुआ था। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, स्वर्गीय कोमुत की कला सिर्फ प्रदर्शन तक सीमित नहीं थी, यह एक ऐसा पुल था जो समृद्ध परंपराओं को पास और दूर के लोगों के दिलों से जोड़ता था। आदिवासी संस्कृति की भावना से भरी उनकी आवाज़, उन पीढ़ियों में गूंजती रहेगी जिन्हें उन्होंने प्रेरित किया।

0000000000000000000000000

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज पूर्वोत्तर में हथकरघा और हस्तशिल्प को मज़बूत करने के लिए एक उच्च-स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने ने कहा कि बैठक के तहत क्षेत्र में स्किल अपग्रेडेशन, क्वालिटी सर्टिफिकेशन और सस्टेनेबल फाइबर और रंगों सहित मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसमें समग्र और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर-आधारित विकास के साथ-साथ ई-कॉमर्स के ज़रिए बाज़ारों तक पहुंच पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, क्रा दादी और ईस्ट कामेंङ जिले के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना व्यक्त की है।

0000000000000000000000000